अमर उजाला 11/01/2024

पर्यावरण को स्वच्छ रखने में दें योगदान : रोहित दत्त

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज और क्लाइमेट रियल्टी प्रोजेक्ट भारत व दक्षिण एशिया के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।

इसका मुख्य उद्देश्य हरित परिसर को प्रफुल्लित करना रहा। साथ ही यह नेक के सातवें मापदंड में गुणवत्ता स्थापित करने के लिए आयोजित की गई। कार्यक्रम में अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छ वातावरण, हवा का शुद्ध रूप सभी को प्राप्त हो सके, वातावरण में शुद्धता किस प्रकार स्थापित होगी।

इसी संदर्भ में अनेकों पहलुओं पर चर्चा की। कार्यशाला में संयोजकों ने बताया कि पर्यावरण को अनेकों कानून की पालना की ओर से ही शुद्ध किया जा सकता है। वातावरण यदि दूषित होगा तो इसका प्रभाव समूचे विश्व पर पड़ेगा। इसलिए हम सब की यह जिम्मेदारी है कि पर्यावरण को स्वच्छ और स्वस्थ रखने में अपना योगदान प्रदान करें।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने अपने विचार सांझा करते हुए कहा कि प्रदूषण आंतरिक स्तर पर हो या बाहरी स्तर पर, दोनों ही जगह घातक है ,इसलिए हमें व्यक्तिगत और सामूहिक प्रयासों द्वारा पर्यावरण को स्वच्छ रखने के पुरजोर प्रयास करने चाहिए और लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए।

इस समिति की अध्यक्ष डॉ. शिखा जग्गी ने कहा कि वर्तमान समय की महत्वपूर्ण मांग है कि हम अपने पर्यावरण को अधिक से अधिक सुरक्षा प्रदान करें तभी हमारा भविष्य सुरक्षित होगा। इस कार्यशाला में जीएमएन कॉलेज की ओर से डॉ. राकेश कुमार, डॉ. अमिता, डॉ. कुलदीप यादव, डॉ. धर्मवीर सैनी, डॉ. नेहा अग्रवाल और कुणाल मौजूद रहे।